भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 902
(दिनांक 04.02.2026 को उत्तर देने के लिए)

मध्य प्रदेश में आकाशवाणी केंद्र

902. डॉ. फग्गन सिंह कुलस्तेः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा विशेषकर मध्य प्रदेश राज्य में आल इंडिया रेडियो (आकाशवाणी) के कितने स्टेशन संचालित किए जा रहे हैं;

(ख) क्या सरकार द्वारा संचालित केन्द्रों में पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) ऐसे केन्द्रों का ब्यौरा क्या है जहां केन्द्रों के संचालन के लिए पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध हैं?

उत्तर
सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री
(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (ग): देश में आकाशवाणी (एआईआर) के 591 प्रसारण स्टेशन हैं, जिनमें 38 स्टेशन मध्यप्रदेश में स्थित हैं। आकाशवाणी अपनी आवश्यकताओं के अनुसार मानव संसाधन प्रबंधन करता है जिसमें आवधिक मूल्यांकन, प्रशिक्षण और पुन: कौशल विकास शामिल हैं।

इसके अलावा, जनशक्ति लेखा-परीक्षा की सिफारिशों तथा प्रसारण नेटवर्क/सेवाओं/जनशक्ति आदि में परिवर्तन के आधार पर, प्रसार भारती ने अपने मानव संसाधन रूपांतरण के लिए विशेषज्ञों को नियोजित किया है।

*****